# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना–800001

## कार्यालय आदेश

आदेश सं0– 200 दिनांक– 11.07.19

मॉनसून–2019 के दौरान पटना नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत ड्रेनेज पंम्पिंग प्लांट के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु 11.07.2019 के प्रभाव से बुडको मुख्यालय (पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड) में एक नियंत्रण कक्ष का गठन निम्नवत किया जाता हैः–

| टीम | पाली | कर्मी का नाम | मोबाईल न0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06:00पूर्वा0–02:00अप0 | 1–श्री आशीष कुमार सिंह, ले.लि. (संविदा)<br>2–श्री मधुसूदन शर्मा, माली | 7903426889 | |
| 2 | 02:00अप0–10:00अप0 | 1–श्री योगेन्द्र सिंह उ0व0लि0, कार्य प्रमंडल, पटना।<br>2–श्री लाला बिहारी राय, अनुसेवक | 9709507788<br>9386592373 | |
| 3 | 10:00अप0–06:00पूर्वा0 | 1–श्री सचिन कुमार चौधरी, दैनिक मजदूर, कार्य प्रमंडल, पटना।<br>2–श्री राजकुमार सिंह, दैनिक मजदूर,कार्य प्रमंडल, पटना। | 7909064430<br>7903426889 | |
| 4 | सुरक्षित | 1–श्री अशोक ठाकुर, पदचर बुडको (मु0)<br>2–मो0 अख्लाख अहमद, दैनिक मजदूर।<br>3–सुरेन्द्र कुमार, चौकीदार, बुडको | | |

प्रत्येक टीम की डयूटी आठ–आठ घंटे की होगी। सभी कर्मी डयूटी पर ससमय उपस्थित होगें। जब तक अगली पाली के कर्मी आ नहीं जाते है, तब तक पहली पाली के कर्मीगण नियंत्रण कक्ष नहीं छोडेगें।

1. टीम–1, टीम–2 एवं टीम–3 पालीवार नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर कार्य करेंगे।
2. टीम–4 सुरक्षित टीम के रूप में कार्य करेगी। यह टीम शनिवार की सुबह की पाली में एवं रविवार को दोपहर की पाली तथा सोमवार को रात्रि की पाली में कार्य करेगी।
3. टीम–1के लिए शनिवार, टीम–2 के लिए रविवार एवं टीम–3 के लिए सोमवार अवकाश का दिन रहेगा।

प्रत्येक टीम के प्रभारी उस टीम के वरीय कर्मी होंगे। सभी तीन पाली के वरीय टीम प्रभारी श्री कुमार विवेक मैनेजर (आई0टी0) होंगे। श्री कुमार कंट्रोल रूम में Tollfree नं0 का दूरभाष टी0भी0 एवं अन्य उपकरणों की देख–रेख भी करेगें। प्रत्येक टीम के प्रभारी कर्मी का दायित्व होगा कि उनके टीम की कार्यावधि में जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उन्हें एक पंजी में प्रविष्ट (दर्ज) करना सुनिश्चित करेगें। उसे संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करेंगे एवं अनुपालन हो जाने पर, उसे पंजी में अंकित करेंगे। प्रत्येक प्रविष्टि (Entry) तिथि एवं समय के साथ होगी। यदि कोई महत्वपूर्ण शिकायत प्राप्त हो एवं उसके निष्पादन में कोई समस्या हो रही हो तो उसकी सूचना तुरन्त वरीय पदाधिकारी को देना सुनिश्चित करेगे। प्रतिदिन टीम–1 सुबह की पाली का खैरियत प्रतिवेदन तैयार कर दो बजे दिन में देगें। टीम–2 शाम की पाली का खैरियत प्रतिवेदन तैयार कर दस बजे रात्रि में देगें। टीम–3 रात्रि की पाली का खैरियत प्रतिवेदन तैयार कर सुबह छः बजे देगें। प्रत्येक टीम अपना खैरियत प्रतिवेदन तैयार कर श्री दयाशंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता एवं रामचन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता को देगें एवं उसकी प्रतिलिपि मुख्य अभियंता/नगर आयुक्त पटना नगर निगम/प्रबंध निदेशक, बुडको पटना को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

अधीक्षण अभियंता (मु0) नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में रहेंगे।

इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या–2558326 है। यह नियंत्रण कक्ष बुडको मुख्यालय में मुख्य अभियंता के कार्यालय कक्ष के बगल वाले कक्ष में 24 घंटे कार्यरत रहेगा।

ह0
**प्रबंध निदेशक।**

ज्ञापांक– 3168 दिनांक– 11-07-19

प्रतिलिपिः–

1. नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त किये गये संबंधित पदाधिकारी/ कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. बुडको मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/ मुख्य अभियंता/ सभी अधीक्षण अभियंता/ सभी कार्यपालक अभियंता बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(signature) 10.7.17
**प्रबंध निदेशक।**

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना**
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800001

## कार्यालय आदेश

आदेश सं0- BUIDCO/201 दिनांक- 11-7-19

पटना शहरी क्षेत्र में मॉनसून-2019 की अवधि में जल-जमाव की समस्या से निपटने हेतु निम्नांकित कार्यपालक अभियंता (असैनिक) निम्न वर्णित क्षेत्रों के प्रभार में रहेगें। उनके साथ निम्नांकित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को उनके नाम के सामने अंकित पंम्पिग प्लांटों पर अपने कार्या के अतिरिक्त प्रतिनियुक्त किया जाता है।

| क्र0 | प्रतिनियुक्त अभियंता का नाम | दूरभाष सं0 | ड्रेनेज पंम्पिंग प्लांट का नाम | |
|---|---|---|---|---|
| | | | स्टैटिक स्थान | इनके अधीन अतिरिक्त पंम्पिंग प्लांट का कार्यक्षेत्र |
| 1. | श्री राकेश कुमार, कार्य.अभि. सैदपुर | 8544413107 | सैदपुर डी0पी0एस0 | आर0के0एभेन्यु, रामपुर, सैदपुर, एस0टी0पी0, कृष्णाघाट, कदमकुआँ, पीरगुहानी |
| | श्री सुशील कुमार, कनी.अभि. (संविदा) बेउर | 8544427923 | | |
| 2. | श्री संजीव चौधरी, कार्य.अभि. | 8544413137 | योगीपुर डी0पी0एस0 योगीपुर एन0बी0सी0सी0 | अशोक नगर जीरो प्वाईट, बहादुरपुर टी0भी0टावर, बहादुरपुर आवास बोर्ड |
| | श्री राजकुमार, कनीय अभि. | 8789632842 | | |
| 3. | श्री संदीप कुमार , कार्य. अभि. | 8544413106 | पहाड़ी नया, पहाड़ी पुराना, पहाड़ी एन0बी0सी0सी0 | धनुकी मोड़, संदलपुर आर0एम0आर0आई0 |
| | श्री अजय कुमार, स. अभि. | 8544413130 | | |
| 4. | श्री संतोष कुमार, कार्य. अभि. | 8544427921 | पुनाईचक डी0पी0एस0 | राजवंशी नगर, राजवंशी नगर-80सेट, राजभवन, सी0आई0डी0 कॉलानी, शास्त्रीनगर, एस0के0पुरी, हाईकोर्ट, आर0ब्लॉक, डा0जाकिर हुसैन, ऑफिसर्स फ्लैट बेली रोड, बोरिंग रोड, गर्दनीबाग, मीठापुर |
| | श्री सतीश कुमार, कनीय अभि. | 7992300653 | | |
| 5. | श्री योगेन्द्र कुमार, कार्य. अभि. | 8544413108 | राजापुर पुल नया डी0पी0एस0 | राजपुर पुल पुराना डी0पी0एस0, कुर्जी, गोसाई टोला, मंदिरी नया/पुराना, अंटाघाट एस0पी0वर्मा रोड, छज्जुबाग |
| | श्री राहुल कुमार, कनीय अभि. | 9122185926 | | |

सभी प्रतिनियुक्त सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, अधीक्षण अभियंता, गंगा परियोजना अंचल सं0-1 पटना के अधीन कार्य करेगें एवं नियमित रूप से प्रतिवेदन समर्पित

करेंगे। किसी भी मोटर पंप/टांसफॉर्मर के खराब होने की स्थिति में उसे अल्प अवधि में Operational करने हेतु अपनी देख–रेख में कार्रवाई करेंगे एवं मुख्यालय को सूचित करेंगे।

2. प्रत्येक कार्यपालक अभियंता अपने विवेकानुसार उनके साथ प्रतिनियुक्त सहायक/कनीय अभियंता को एक दल के रूप में आवश्यकता के अनुसार संबंधित प्लांटो पर भ्रमणशील/स्टैटिक रखेंगे।
3. सभी प्रतिनियुक्त अभियंता, यांत्रिक प्रमंडल (दक्षिण बिहार), ड्रेनेज पंम्पिंग प्लांटों के संचालन एवं संधारण हेतु उत्तरदायी होगें। प्रतिनियुक्त कार्यपालक अभियंता (असैनिक) पंम्पिंग प्लांटों पर, उनके साथ समन्वय स्थापित कर सम्मिलित रूप `जल–जमाव की स्थिति में पंम्पिंग प्लांटों का निरीक्षण करेंगे एवं मुख्यालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी अधिकारी एवं कर्मी आपस में समन्वय स्थापित कर, जल–जमाव की स्थिति में युद्ध स्तर पर कार्य करेंगे तथा सतत् एक दूसरे के सम्पर्क में रहेंगे तथा सूचनाओं का आदान–प्रदान करेंगे। विद्युत की गड़बड़ी होने पर तुरंत विद्युत विभाग से संपर्क कर विद्युत व्यवस्था बहाल करायेंगे। विद्युत बाधित होने की स्थिति में डीजल पंप चलाकर जल निकासी सुनिश्चित करायेंगे।
5. सामान्य परिस्थिति में सभी अभियंता नियमित रूप से अपने प्रमंडल से संबंधित योजनाओं का कार्य/क्षेत्र भ्रमण इत्यादि करेंगे। परन्तु वर्षा प्रारंभ होने पर यह आदेश स्वतः लागू होगा एवं आदेशानुसार विभिन्न प्लांटों पर प्रतिनियुक्त होकर जल निकासी का कार्य निर्वाध सम्पन्न करायेंगे।

उपर्युक्त सभी कार्यों के वरीय प्रभार में श्री ओम प्रकाश सिंह, अधीक्षण अभियंता रहेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/–
**प्रबंध निदेशक।**

ज्ञापांक– 3165 दिनांक– 11-7-19

प्रतिलिपिः–

I. संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक), संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

II. सभी मुख्य अभियंता, बुडको/ सभी अधीक्षण अभियंता, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

III. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.7.19

**प्रबंध निदेशक।**